Seat No. : _______________

# DU-105(H)

**December-2025**
**B.Com., Sem.-III**
**CE-202 A : Adv. A/c. & Auditing**
**(Corporate Accountancy)**

**Time : 2:30 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**(Hindi Version)**

1. प्रिया लिमिटेड का 31-3-2025 का बैलेंस शीट नीचे दिया गया है : **14**

**बैलेंस शीट**

| विवरण | टिप्पणी नं. | राशि (₹) |
|---|---|---|
| **I. इक्विटी और दायित्व :** | | |
| (1) शेयरधारकों का कोष | | |
| (a) शेयर पूँजी 4,800, 7% संचयी वरीयता शेयर प्रत्येक ₹ 100 का | | 4,80,000 |
| इक्विटी शेयर प्रत्येक ₹ 10 का | | 12,00,000 |
| (b) आरक्षित और अधिशेष | | |
| श्रमिक क्षतिपूर्ति आरक्षित निधि | | 3,00,000 |
| लाभ और हानि विवरण के अनुसार अधिशेष | | 1,80,000 |
| (2) गैर-चालू दायित्व | | |
| (a) दीर्घकालिक ऋण | | |
| 8% डिबेंचर प्रत्येक ₹ 100 का | | 2,40,000 |
| (b) दीर्घकालिक प्रावधान : | | |
| श्रमिक लाभ साझाकरण कोष | | 1,86,000 |
| (3) चालू दायित्व | | |
| (a) व्यापार देयताएँ : | | |
| लेनदार | | 3,60,000 |
| (b) अन्य चालू दायित्व | | |
| अभुक्त वेतन | | 54,000 |
| | | **30,00,000** |

| | | |
|---|---|---|
| **II.** परिसम्पत्ति : | | |
| (1) गैर–चालू परिसम्पत्ति | | |
| (a) अचल सम्पत्तियाँ : मूर्त | | |
| भवन | | 8,40,000 |
| मशीनरी | | 7,80,000 |
| (b) गैर–चालू निवेश | | |
| सहायक कंपनी में शेयर | | 4,80,000 |
| (2) चालू परिसम्पत्ति | | |
| (a) माल–सूची | | |
| व्यापार में कुल माल | | 3,60,000 |
| (b) व्यापार प्राप्य | | |
| देनदार | | 3,36,000 |
| (c) नकद और नकद समकक्ष | | |
| बैंक में नकद | | 2,04,000 |
| | | **30,00,000** |

अन्य सूचना :

(i) भवन का बाजार मूल्य उसके बही मूल्य से 25% अधिक है ।

(ii) शेयर का मूल्यांकन उसके बही मूल्य से 10% कम पर किया जाना है ।

(iii) कंपनी कर पश्चात् शुद्ध लाभ का 20% हिस्सा सामान्य आरक्षित निधि में स्थानांतरित करती है ।

(iv) इक्विटी शेयर पर अपेक्षित प्रतिफल दर 10% है ।

(v) पिछले 4 वर्षों में 50% कर दर पर कंपनी का औसत कर पूर्व लाभ ₹ 5,00,000 है ।

उपरोक्त जानकारी के आधार पर, पिछले 4 वर्षों के औसत लाभ के आधार पर गणना किए गए सुपर प्रॉफिट की दो साल की खरीद के आधार पर कंपनी की साख की गणना करें ।

**अथवा**

1. (A) लाभ के पूँजीकरण द्वारा साख के मूल्यांकन पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए । **7**

1. (B) साख के मूल्यांकन को प्रभावित करने वाले कारकों की व्याख्या कीजिए । **7**

2. 31 मार्च, 2025 को जिया लिमिटेड के निम्नलिखित बैलेंस शीट और अतिरिक्त जानकारी से पूर्णतः भुगतान किए गए और आंशिक रूप से भुगतान किए गए इक्विटी शेयरों का आंतरिक मूल्य (intrinsic value) ज्ञात कीजिए : **14**

**बैलेंस शीट**

| विवरण | टिप्पणी नं. | राशि (₹) |
|---|---|---|
| **I.** **इक्विटी और दायित्व :** | | |
| (1) शेयरधारकों का कोष | | |
| (a) शेयर पूँजी | | |
| 5,000, 9% वरीयता शेयर प्रत्येक ₹ 100 का | | 5,00,000 |
| 60,000 इक्विटी शेयर प्रत्येक ₹ 10, प्रति शेयर ₹ 7.50 का भुगतान किया गया | | 4,50,000 |
| (b) आरक्षित और अधिशेष | | |
| सामान्य आरक्षित | | 1,00,000 |
| लाभ और हानि विवरण के अनुसार अधिशेष | | 3,00,000 |
| (2) गैर–चालू दायित्व | | |
| (a) दीर्घकालिक ऋण | | |
| 12% डिबेंचर प्रत्येक ₹ 100 का | | 3,00,000 |
| (b) दीर्घकालिक प्रावधान : | | |
| कर्मचारी भविष्य निधि | | 2,50,000 |
| (3) चालू दायित्व : | | |
| (a) व्यापार देयताएँ : | | |
| लेनदार | | 2,00,000 |
| (b) अन्य चालू दायित्व | | |
| पूर्व प्राप्त कमिशन | | 20,000 |
| (c) अल्पकालिक प्रावधान | | |
| कर के लिए प्रावधान | | 80,000 |
| कुल | | **22,00,000** |

| | | |
|---|---|---|
| **II.** परिसम्पत्ति : | | |
| (1) गैर–चालू परिसम्पत्ति | | |
| (a) अचल सम्पत्तियाँ : मूर्त | | |
| भवन | | 5,00,000 |
| संयंत्र और मशीनरी | | 4,80,000 |
| फर्नीचर | | 2,70,000 |
| (2) चालू परिसम्पत्ति : | | |
| (a) इन्वेन्ट्री (स्टॉक) | | |
| व्यापार में कुल माल | | 4,00,000 |
| (b) व्यापार प्राप्य | | |
| देनदार | | 5,00,000 |
| (c) नकद और नकद समकक्ष | | |
| बैंक में नकद | | 50,000 |
| कुल | | **22,00,000** |

**अतिरिक्त जानकारी :**

(i) भवन का मूल्य बढ़ाकर ₹ 7,00,000 किया जाना है ।

(ii) संयंत्र और मशीनरी में ₹ 30,000 से कमी की जानी है ।

(iii) फर्नीचर का मूल्य ₹ 2,00,000 है ।

(iv) देनदारों पर संदिग्ध ऋण के लिए 10% का प्रावधान आवश्यक है ।

(v) साख का मूल्य ₹ 3,00,000 है ।

**अथवा**

2. (A) शेयरों के उचित मूल्य पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए । **7**

2. (B) निम्नलिखित जानकारी से समीर लिमिटेड के पूर्णतः भुगतान किए गए और आंशिक रूप से भुगतान किए गए इक्विटी शेयरों का बाजार मूल्य ज्ञात कीजिए : **7**

- 1,40,000 इक्विटी शेयर प्रत्येक ₹ 10 का, ₹ 8 प्रति शेयर भुगतान सहित
- 50% कर से पहले औसत लाभ ₹ 7,00,000
- कर पश्चात् लाभ का 20% सामान्य आरक्षित निधि में स्थानांतरित किया जाता है ।
- अपेक्षित प्रतिफल दर 10%

3. (A) केयूर बैंक लिमिटेड की पुस्तकों में, रियान के ऋण खाते में 31 मार्च, 2025 को ₹ 6,00,000 का डेबिट शेष दिखाया गया है । इस ऋण पर 8 महीने का ब्याज 12% प्रति वर्ष की दर से प्रोद्भूत है और देय है । रियान की वित्तीय स्थिति संदिग्ध बताई गई है । बैंक के पास ₹ 10,00,000 अंकित मूल्य की कुछ प्रतिभूतियाँ हैं । रियान को 1 जुलाई, 2025 को दिवालिया घोषित कर दिया गया । बैंक को प्रतिभूतियों की बिक्री से ₹ 5,18,400 प्राप्त हुए । बैंक की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ करें । **7**

3. (B) WBC बैंक के 31.3.2025 को समाप्त हुए वर्ष के निम्नलिखित विवरणों के आधार पर बैंकिंग विनियमन अधिनियम के अनुसार अनुसूची : 3 "जमा" और अनुसूची : 16 "परिचालन व्यय" तैयार करें : **7**

| विवरण | ₹ |
|---|---|
| बचत खाता | 14,00,000 |
| आवर्ती खाता | 13,80,000 |
| ऋण | 2,50,000 |
| सावधि जमा | 12,00,000 |
| डिमांड डिपोज़िट्स | 23,00,000 |
| अन्य बैंकों को दिया गया ऋण | 24,000 |
| मरम्मत | 30,000 |
| किराया और कर | 45,000 |
| प्रिन्टिंग व स्टेशनरी | 56,000 |
| कानूनी खर्च | 12,000 |
| फर्नीचर | 34,000 |
| निदेशकों का शुल्क | 22,000 |
| फर्नीचर पर मूल्यह्रास | 12,000 |
| लेखा–परीक्षा शुल्क | 75,000 |
| प्रशासनिक व्यय | 68,000 |

**अथवा**

3. (A) निम्नलिखित विवरणों के आधार पर बैंकिंग विनियमन अधिनियम के अनुसार नारायण बैंक लिमिटेड के लाभ का आवश्यक विनियोजन करके लाभ–हानि खाता (फोर्म : B) तैयार करें : **7**

| विवरण | ₹ |
|---|---|
| अर्जित ब्याज (Interest Earned) | 10,40,000 |
| ब्याज व्यय (Interest Expended) | 5,00,000 |
| अन्य आय (Other Income) | 4,60,000 |
| प्रावधान और आकस्मिकताएँ (Provisions and Contingencies) | 3,20,000 |
| परिचालन खर्च (Operating Expenses) | 2,80,000 |

- लाभ पर 40% की दर से कर का प्रावधान करें ।

3. (B) अग्रिमों का वर्गीकरण और प्रावधान पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए । **7**

4. नितिन लिमिटेड का 31 मार्च, 2025 को स्वैच्छिक परिसमापन हुआ । कंपनी की पुस्तकों में निम्नलिखित शेष राशियाँ दर्ज हैं : **14**

(1) शेयर पूँजी

(a) 3,000, 8% वरीयता शेयर प्रत्येक ₹ 100 का पूर्ण भुगतान किया गया ।

(b) 3,000 इक्विटी शेयर प्रत्येक ₹ 100 का पूर्ण भुगतान किया गया ।

(c) 2,400 इक्विटी शेयर प्रत्येक ₹ 100 का, प्रति शेयर ₹ 80 का भुगतान किया गया ।

(d) 2,100 इक्विटी शेयर प्रत्येक ₹ 100 का, प्रति शेयर ₹ 70 का भुगतान किया गया ।

(2) लेनदार : सुरक्षित (Secured) ₹ 60,000, वरीय (Preferential) ₹ 15,000, असुरक्षित (Unsecured) ₹ 2,40,000

(3) परिसमापन व्यय : ₹ 9,000

(4) परिसमापक का पारिश्रमिक : प्राप्त परिसम्पत्तियों पर 2% के हिसाब से ₹ 12,000

परिसमापक का प्राप्तियों और भुगतानों का अंतिम विवरण तैयार करें ।

**अथवा**

4. (A) पूर्णतः सुरक्षित लेनदारों पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए । **7**

4. (B) अधिमान्य लेनदारों पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए । **7**

5. उपयुक्त उत्तर चुनें : (कोई सात) **14**

(1) साख के मूल्यांकन के लिए लाभ में से ________ घटाया जाता है ।

(A) परिसंपत्ति की बिक्री पर लाभ (B) परिसंपत्ति की बिक्री पर हानि

(C) सहायक कंपनी से प्राप्त लाभांश (D) आग से हुई क्षति

(2) पूँजीकृत लाभ का अर्थ है ________

(A) पूँजी लाभ

(B) अपेक्षित प्रतिफल दर पर औसत लाभ अर्जित करने के लिए आवश्यक पूँजी

(C) राजस्व लाभ

(D) अपेक्षित प्रतिफल दर पर सामान्य लाभ अर्जित करने के लिए आवश्यक पूँजी

(3) साख के मूल्यांकन के लिए __________ लाभ को ध्यान में रखा जाता है ।

(A) पूँजी

(B) औसत

(C) एक या अधिक पूर्व वर्षों का राजस्व लाभ जिसे भविष्य में बनाए रखा जा सकता है

(D) राजस्व लाभ और पूँजी लाभ दोनों

(4) इक्विटी शेयर का उचित मूल्य (Fair Value) = ______

(A) आंतरिक मूल्य + बाज़ार मूल्य (B) आंतरिक मूल्य – बाज़ार मूल्य

(C) आंतरिक मूल्य / बाज़ार मूल्य (D) (आंतरिक मूल्य + बाज़ार मूल्य)/2

(5) लाभांश की दर = ________

(A) (इक्विटी लाभांश के लिए लाभ / प्रदत्त इक्विटी शेयर पूँजी) × 100

(B) (इक्विटी लाभांश के लिए लाभ / जारी की गई इक्विटी शेयर पूँजी) × 100

(C) (कर पूर्व लाभ / प्रदत्त इक्विटी शेयर पूँजी) × 100

(D) इनमें से कोई नहीं

(6) इक्विटी शेयर का _______ मूल्य शुद्ध परिसम्पत्ति विधि द्वारा परिकलित किया जाता है ।

(A) बाज़ार (B) आंतरिक

(C) उचित (D) पुस्तक

(7) बैंक के लिए 'बट्टाकृत बिलों पर छूट' का अंतिम शेष ________ है ।

(A) आय (B) व्यय

(C) दायित्व (D) संपत्ति

(8) बैंक द्वारा 'ब्याज उचिन्त' तब बनाया जाता है, जब ______

(A) ब्याज अपलिखित कर दिया जाता है ।

(B) ब्याज का भुगतान किया जाता है ।

(C) ब्याज दर्ज करना छूट गया है ।

(D) ऋणों और अग्रिमों पर प्राप्त होने वाला ब्याज संदिग्ध हो जाता है ।

(9) जब ब्याज और ऋण की किश्ते नियमित रूप से प्राप्त होती हैं और बैंक के पास दिए गए ऋण के बदले पर्याप्त प्रतिभूति होती है, तो ऐसे ऋणों को ______ कहा जाता है ।

(A) मानक परिसम्पत्ति (B) संदिग्ध परिसंपत्ति

(C) उप–मानक परिसम्पत्ति (D) खोई संपत्ति

(10) किसी कंपनी के स्वैच्छिक परिसमापन पर _______ को पूर्णतः सुरक्षित लेनदार माना जाता है ।

(A) बकाया ऋण (B) श्रमिकों को देय ग्रेच्युटी

(C) बकाया किराया (D) कर्मचारियों का बकाया वेतन

(11) किसी कंपनी के स्वैच्छिक परिसमापन पर डिबेंचर का भुगतान ________ के रूप में किया जाता है ।

(A) असुरक्षित लेनदार (B) सुरक्षित लेनदार

(C) फ्लोटिंग चार्ज वाले लेनदार (D) अधिमान्य लेनदार

(12) _______ असुरक्षित लेनदारों में शामिल नहीं है ।

(A) लेनदार (B) बैंक अधिविकर्ष

(C) बकाया किराया (D) कर्मचारी भविष्य निधि